# नाम की जगह (सर्वनाम)

(Pronoun)

8




यहाँ नाना जी अपने बारे में बोल रहे हैं और जिज्ञासा तथा प्रेरित भी अपने बारे में बोल रहे हैं। नाना जी ने बातों-ही-बातों में उन्हें समझाया कि–

- सबका अपना-अपना नाम होता है। हम बार-बार नाम नहीं बोलते; जैसे–
  - मैंने अपने नाम की जगह मैं, मुझे, अपना बोला।
  - प्रेरित और जिज्ञासा की जगह तुम बोला।
  - तुम दोनों ने अपने लिए हम बोला।
- ये सभी शब्द सर्वनाम हैं।

**संज्ञा (नाम) की जगह बोले जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।**

## हमने समझा

- मैं, मुझे, अपना, तुम, हम–ये सभी शब्द नाम की जगह बोले गए हैं।
- नाम की जगह बोले गए शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।


## अब कुछ करें

**सही उत्तर पर गोला ( ◯ ) लगाइए–**

- नाम की जगह किन शब्दों का प्रयोग करते हैं? — संज्ञा / सर्वनाम
- नाना जी ने अपने लिए क्या बोला? — मैं / तुम
- दूसरे के लिए कौन-सा शब्द प्रयोग करते हैं? — अपना / तुम

आगे नाना जी ने समझाया कि–

- हम सबने अपने लिए अलग-अलग सर्वनाम शब्द प्रयोग किए हैं।
- ऐसे ही सबके लिए अलग-अलग सर्वनाम शब्द प्रयोग किए जाते हैं; जैसे–
  - अपने लिए – मैं, मेरा, मुझे।
  - दूसरों के लिए – तुम, तुम्हारा, तुम्हें।
  - पास के लिए – यह, इसे, इसका।
  - दूर के लिए – वह, वे।
  - अपने से बड़ों के लिए – आप, आपका, आपने।
  - अपने से छोटों के लिए – तुम, तुम्हारा, तुम्हें।



## हमने समझा

- सबके लिए अलग-अलग सर्वनाम शब्द प्रयोग किए जाते हैं।

## अब कुछ करें

**सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–**

- सबके लिए अलग-अलग ......सर्वनाम...... शब्दों का प्रयोग करते हैं। मैं / सर्वनाम
- दूसरों के लिए ......तुम...... बोला जाता है। तुम / मुझे
- पास के लिए ......यह...... शब्द होता है। वह / यह
- अपने से बड़ों को ......आप...... बोलते हैं। तू / आप

**नाना जी ने यह भी समझाया कि–**

- मैं एक हूँ, तो मैंने अपने लिए मैं बोला।
- जिज्ञासा और प्रेरित, तुम दो हो, तो तुमने अपने लिए हम बोला।
- इसी तरह, सर्वनाम शब्द एकवचन और बहुवचन के लिए अलग-अलग होते हैं; जैसे–

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| मैं | हम |
| तुम | तुम लोग |
| यह | ये |
| इस | इन |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| मेरा | हमारा, हमें |
| उसे | उन्हें, उनको |
| वह | वे |
| उसका | उनका |

## हमने समझा

- सर्वनाम शब्दों के भी एकवचन और बहुवचन होते हैं।

## अभ्यास-कार्य

1. सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाइए–

(क) संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

☐ संज्ञा ☑ सर्वनाम ☐ लिंग

(ख) सर्वनाम यानी किसका नाम?

☐ अपना नाम ☐ भगवान का नाम ☑ सबका नाम

(ग) अपने लिए किस सर्वनाम का प्रयोग करते हैं?

☐ मैं ☐ मेरा ☑ ये दोनों

2. दिए गए शब्दों में से सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | रानी | चिड़िया | हमारा |
| मोहन | उन्हें | किताब | हम |
| चींटी | आपने | आपका | अध्यापक |

मैं ........ हमारा ........

उन्हें ........ हम ........

आपने ........ आपका ........

3. इनके लिए कोई एक सर्वनाम शब्द लिखिए–

(क) अपने से बड़ों के लिए ........ आप

(ख) दूर के लिए ........ वह

(ग) पास के लिए ........ यह

(घ) अपने से छोटे के लिए ........ तुम्हारा



4. एकवचन वाले सर्वनाम को उसके बहुवचन से मिलाइए–

(क) मेरा (i) इन (ग)

(ख) उसे (ii) वे (घ)

(ग) इस (iii) हमारा (क)

(घ) वह (iv) उन्हें (ख)

5. अपनी माँ के लिए कौन-सा सर्वनाम शब्द प्रयोग करेंगे? खाली स्थान में भरिए–

(क) मैं ......अपनी...... माँ से बहुत प्यार करता / करती हूँ। (उसकी / अपनी)

(ख) ......मेरी...... माँ भी मुझे बहुत प्यार करती है। (अपनी / मेरी)

## हमारी गतिविधि...

(Activity)

- कक्षा में विद्यार्थियों को कुछ एकवचन और बहुवचन शब्द दें।
- अब उनसे पूछें कि वे इनके लिए कौन-सा सर्वनाम शब्द प्रयोग करते हैं।
- इससे विद्यार्थी सबके लिए सही सर्वनाम शब्द का प्रयोग सीख सकेंगे।

## अब कुछ स्वयं से


**नीचे बने चित्रों को ध्यान से देखिए। यह, वह, मैं, तुम, उस शब्दों का प्रयोग करके खाली स्थान में वाक्य लिखिए–**

(Conceptual Clarity)

जैसे–




......वह घर मेरा है।......



......हम दोनों खेल रहे हैं।......



......हम सब बातें कर रहे हैं।......

